## Reservation Policy

सीटों का आरक्षण :

प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संस्थाओं मे प्रवेश हेतु आरक्षण उत्तराखण्ड सरकार के सुसंगत शासनादेशों के अधीन निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | जिनके लिये आरक्षित है | आरक्षित स्थान | कोड |
|---|---|---|---|
| ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
| 1. | अनुसूचित जाति (S.C.) अभ्यर्थियों के लिये। | 19 % | **SC** |
| 2. | अनुसूचित जनजाति (S.T.) अभ्यर्थियो के लिये। | 04 % | **ST** |
| 3. | अन्य पिछडे वर्ग (O.B.C.) अभ्यर्थियों के लिये। | 14 % | **OBC** |
| 4. | N.C.C. प्रमाण पत्र धारकों के लिए (उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेशानुसार) | प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों मे A B तथा C हेतु प्राप्तांकों का क्रमश: 1, 2, तथा 3% जोड़ा जायेगा | **NCC** |

| क्षैतिज आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी (D.F.F.) के आश्रितों के लिये। | 02 % संस्थागत, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों के सापेक्ष | **DFF** |
| 6. | भूतपूर्व सैनिकों / अपंग / मृत सैनिकों के आश्रित (MP) | 05 % संस्थागत, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों के सापेक्ष | **MP** |
| 7. | विकलांग अभ्यर्थियों (PH) के लिये। | 03 % | **PH** |
| 8. | महिलाओं (Women) के लिये। | 30 % | **WO** |

नोट :

1. जो महिला / व्यक्ति जिस वर्ग का होगा / होगी उसे उसी वर्ग में हारिजैन्टल आरक्षण अनुमन्य होगा।
2. उपरोक्त आरक्षण उत्तराखण्ड शासन द्वारा परिवर्तनीय है।
3. यदि कोई अभ्यर्थी प्रोविजनली चयनित हो जाने की दशा में अपने आरक्षण वर्ग, उपवर्ग का प्रमाण–पत्र शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रवेश के समय संस्था मे प्रस्तुत नहीं करता है अथवा आरक्षण के सम्बन्ध में उसके द्वारा दिया गया वक्तव्य असत्य पाया जाता है तो किसी अन्य वर्ग में समायोजित नहीं किया जायेगा एवं उसकी पात्रता / चयन निरस्त समझा जायेगा।
4. भूतपूर्व सैनिकों के लिए शासनादेश मे दी गयी व्यवस्था के अनुसार आरक्षण दिया जायेगा। आश्रितों की परिभाषा सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा निर्धारित व्यवस्था अनुमन्य होगी।
5. आरक्षण प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त होना अनिवार्य है। आरक्षण (SC, ST, OBC) का लाभ लेने के लिये उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी काउंसिलिंग के समय प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत करता है तो उसे काउंसिलिंग में प्रवेश के लिये अर्ह नहीं माना जायेगा।
6. N.C.C. का लाभ लेने के लिये अभ्यर्थियों को आवश्यक है कि आवेदन पत्र भरते समय उनके पास A,B अथवा C सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। क्योंकि अभ्यर्थी के प्राप्तांकों में अंकों का प्रतिशत क्रमश: 1.2 एवं 3 प्रतिशत जोड़ा जाता है अत: काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी N.C.C. का उक्त प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत करता है तो काउंसिलिंग में प्रवेश का अर्ह नहीं माना जायेगा।